फैक्स
बजट महत्वपूर्ण

राजस्थान सरकार
निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान जयपुर

क्रमांक : ए.4( ) लेखा/बीएनपी/2011/ जयपुर दिनांक :

अधीक्षक, संलग्न चिकित्सा समूह संघ ....
प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक, मेडीकल कॉलेज, अजमेर/जोधपुर।
संयुक्त निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, जोन ....
चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, राजकीय चिकित्सालय ....
प्रमुख चिकित्सा अधिकारी ....
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ....
चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, के.एन.टी.बी.सी. अजमेर।
चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, क्षय नियंत्रण इकाई ....
सहायक औषधि नियंत्रक, ...
मुख्य सार्वजनिक विश्लेषक, जयपुर।
जिला कुष्ठ रोग अधिकारी/प्रभारी कुष्ठ नियंत्रण इकाई ....
कार्यालयाध्यक्ष तथा आहरण एवं वितरण अधिकारी, मुख्यालय।

विषय :– आगामी वित्तीय वर्ष 2012–13 के आय व्ययक अनुमान एवं चालू वित्तीय वर्ष 2011–12 के संशोधित अनुमान प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में।
संदर्भ :– निदेशालय का समसंख्यक पत्रांक : 2881 दिनांक 2.09.2011

उपर्युक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष 2012–13 के आय–व्ययक अनुमान एवं चालू वित्तीय वर्ष 2011–12 के संशोधित अनुमान प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अन्तिम दिनांक 30.09.2011 रखी गई थी किन्तु आपके कार्यालय द्वारा बजट प्रस्ताव निर्धारित तिथि तक प्रस्तुत नहीं किये गये हैं जिससे बजट प्रस्ताव को समेकित कर वित्त विभाग को प्रेषित किया जाना संभव नहीं हो पा रहा है। **वित्त विभाग द्वारा बीएफसी की तिथि निर्धारित कर दी गई है।**

अतः बजट प्रस्ताव निदेशालय के पत्रांक 2881 दिनांक 2.09.2011 मे दिये गये निर्देशानुसार दिनांक 10.10.2011 तक अनिवार्य रूप से विशेष वाहक के साथ भिजवाने का श्रम करावें।

वित्त विभाग के निर्देशानुसार सभी कार्यालयों को अपने–अपने बजट मदों के अनुसार संशोधित आय–व्ययक अनुमान वर्ष 2011–12 एवं आय–व्ययक अनुमान वर्ष 2012–13 को दिनांक 5.10.2011 से ऑन लाईन करना है अतः दिनांक 5.10.2011 से दिनांक 10.10.2011 तक सभी कार्यालय अपना बजट ऑन लाईन प्रस्तुत करें एवं एक प्रति हार्ड कॉपी इस निदेशालय मे प्रस्तुत करें। समय पर बजट ऑन लाईन नहीं करने पर संबंधित कार्यालयध्यक्ष जिम्मेदार होंगे।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करावें।

ह०
वित्तीय सलाहकार
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें
राजस्थान जयपुर

क्रमांक : ए.4( ) लेखा/बीएनपी/2011/ 3819 जयपुर दिनांक : 3-10-2011
प्रतिलिपि निम्नाकिंत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. संयुक्त निदेशक, (योजना) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य निदेशालय, जयपुर कृपया न्यू आइटमों हेतु प्रस्ताव तैयार कर भिजवाने का श्रम करावें। ये प्रस्ताव सम्पूर्ण औचित्य के साथ दो प्रतियों में तैयार किये जावें। प्रस्तावों में औजार उपकरणों की अनुमानित कीमत भी सूचित करें।
2. अति. निदेशक (राजपत्रित/अराजपत्रित) को भेजकर लेख है कि स्वीकृत पदों का सत्यापन सावधानीपूर्वक उप शीर्षकानुसार ही किये जाने के निर्देश अधिनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों को जारी करें ताकि पदों की बजट में सही स्थिति अंकित करने में कोई त्रुटि न रहे। वर्ष के दौरान स्वीकृत पदों में कोई परिवर्तन हुआ हो तो उसका विवरण पूर्व में अलग से दिनांक 14.10.2011 तक भेज दें ताकि वांछित संशोधन बजट में प्रस्तावित किया जा सके। साथ ही रिक्त पदों का विवरण व जो पद समाप्त करने है अथवा कर दिये है, उनका भी विवरण भिजवायें।
3. प्रभारी, सर्वर रूम मुख्यालय, कृपया इस पत्र को मय विवरण के विभाग की वेबसाईट पर अपलोड करावें।

वित्तीय सलाहकार
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें
राजस्थान जयपुर